दिनांक 28 अक्टूबर को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन तथा गोरखनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल रक्तदान शिविर नवनिर्मित आईएमए भवन में आयोजित किया गया यह आयोजन स्वर्गीय डॉक्टर झींगरण जो रेलवे अस्पताल के सर्जन थे उनकी स्मृति में आयोजित था डॉ झींगरण ने अपने किसी रोगी की जान बचाने हेतु स्वयं रक्तदान कर रहे थे परंतु दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति में उनकी मृत्यु हो गई इस रक्तदान शिविर में चिकित्सकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर शाही के नेतृत्व में बहुत सारे व्यक्तियों ने रक्तदान किया IMA अध्यक्ष एवं सचिव डॉ बीएन अग्रवाल ने रक्तदान से जुड़ी कुछ जानकारियां लोगों की दी ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने अपील की की डेंगू महामारी में प्लेटलेट की मांग इतनी बढ़ गई है की ब्लड बैंक को डोनर के कमी के कारण प्लेटलेट आपूर्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान करें जिससे इस महामारी से लड़ा जा सके तथा मानवीय क्षति पर विजय प्राप्त हो सके